साहित्य अकादेमी (राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
SAHITYA AKADEMI (National Academy of Letters)
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Raod, New Delhi-110001

# भर्ती सूचना
## (विज्ञापन संख्या 50/1/2026)

साहित्य अकादेमी संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है। भारत की प्रमुख साहित्यिक संस्था होने के नाते, अकादेमी स्वयं द्वारा मान्यता प्रदत्त 24 भारतीय भाषाओं में अकादेमी पुरस्कार, महत्तर सदस्यता, अनुदान, साहित्यिक कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा प्रदर्शनियों के माध्यम से साहित्य को संरक्षित तथा प्रोत्साहित करती है। अकादेमी भारतीय साहित्य को बढ़ावा देने के लिए विश्वभर के देशों के साथ साहित्यिक आदान–प्रदान कार्यक्रमों का आयोजन करती है। अकादेमी सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करती है :–

| क्र. सं. | पद | पदों की संख्या | पे–लेवल (सातवाँ सीपीसी मैट्रिक्स) | आयु | शैक्षिक/अन्य योग्यताएँ एवं अनुभव | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप–सचिव (सामान्य) | 02 (अनारक्षित) | लेवल–11/रु.67,100–2,08,700 | 50 वर्ष | **अनिवार्य :**<br>1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य योग्यता<br>2. प्रकाशन में रत सरकारी निकाय अथवा प्रतिष्ठित प्रकाशन गृह में मुद्रण प्रकाशन एवं पुस्तक संवर्धन में उत्तरदायी क्षमता में पांच वर्षों का अनुभव<br>अथवा<br>किसी सरकारी संस्था में उत्तरदायी क्षमता वाले पद पर कार्य करते हुए, साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करने का पांच वर्षों का अनुभव साथ ही मीटिंग के मिनट्स (कार्यवृत्त) तैयार करने का नियमित प्रशासनिक अनुभव और सर्विस व वित्तीय मामलों से जुड़े नियमों और विधानों की जानकारी<br>अथवा | प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | किसी प्रतिष्ठित पब्लिशिंग हाउस में सेल्स और मार्केटिंग के क्षेत्र में उत्तरदायी क्षमता वाले पद पर पांच वर्षों का अनुभव साथ ही किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मार्केटिंग में प्रोफेशनल उपाधि/डिप्लोमा।<br><br>3. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान ।<br>**वांछनीय :**<br>1. साहित्य में रिसर्च / डॉक्टरेट की उपाधि ।<br>2. पुस्तक मुद्रण एवं प्रकाशन का ज्ञान ।<br>3. संपादकीय अनुभव ।<br><br>**चयन प्रक्रिया :–**<br><br>चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा। यद्यपि, आवेदनों की अधिक संख्या प्राप्त होने पर, लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। | |
| **2** | क्षेत्रीय–सचिव (मुंबई) | 01 (अनारक्षित) | लेवल–11/रु.67,100–2,08,700 | **50 वर्ष** | **अनिवार्य**<br><br>1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि ।<br>2.भारतीय साहित्य का समुचित ज्ञान तथा साहित्यिक समुदाय से अच्छा संपर्क ।<br>3. साहित्यिक तथा प्रकाशन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन तथा दस्तावेजों एवं कार्यवृत्तों की प्रोसेसिंग का पाँच वर्ष का अनुभव ।<br>4. अंग्रेज़ी के अलावा संबद्ध क्षेत्र की कम–से–कम एक भाषा का विशेष ज्ञान तथा संबद्ध क्षेत्र के अन्य साहित्यों का समुचित ज्ञान ।<br>5. कार्यालय प्रशासन का अनुभव ।<br>6. सरकारी नियमों, प्रक्रियाओं एवं लेखा का ज्ञान ।<br>7. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान ।<br><br>**वांछनीय :**<br>1. साहित्य में शोध/ वाचस्पति की उपाधि अधवा समकक्ष स्तर का प्रकाशित कार्य ।<br>2. स्तरीय प्रकाशित कार्य ।<br>3. पुस्तक प्रकाशन का ज्ञान । | साहित्य अकादेमी, क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **चयन प्रक्रिया :–**<br>चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा। यद्यपि, आवेदनों की अधिक संख्या प्राप्त होने पर, लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। | |

**उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश**

1. आवेदन पत्र नवीनतम स्व–सत्यापित पासपोर्ट आकार की फोटो तथा पूर्ण विवरण के साथ स्व–सत्यापित दस्तावेज़ों को लिफ़ाफ़े पर ''......................पद के लिए आवेदन'' लिखकर **सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोजशाह मार्ग, नई दिल्ली – 110001** के पते पर रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों के भीतर** स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा भिजवाया दिया जाना चाहिए।
2. प्रत्येक पद के लिए एक अलग आवेदन पत्र जमा करना होगा। एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन जमा करने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।
3. ई–मेल और अथवा प्राप्त आवेदन जो विज्ञापन में दिए गए मानदंडों को पूरा नहीं करते/ अपूर्ण आवेदन/ स्व–प्रमाणित दस्तावेज़ों को बिना हस्ताक्षर के संलग्न करना/देरी से आवेदन प्राप्त होना, किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
4. जिस पद के लिए विज्ञापन के अनुसार आवेदन किया जा रहा है, उसके लिए अपनी पात्रता का आंकलन करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी है। उम्मीदवारों को आवेदन पत्र जमा करते समय किसी प्रकार की झूठी, कपटपूर्ण, मनगढ़ंत या किसी भी सामग्री/सूचना को छुपाना नहीं चाहिए। यदि कोई सूचना झूठी या गलत पाई जाती है, तो चयन प्रक्रिया के दौरान या नियुक्ति के बाद भी, यदि भविष्य में किसी भी समय अपात्रता का पता चलता है, तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति को बिना किसी सूचना के रद्द या समाप्त कर दिया जाएगा।
5. विज्ञापित पदों की संख्या भिन्न हो सकती है और साहित्य अकादेमी परिस्थितियों के अनुसार विज्ञापित पदों को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
6. आयु में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगी।
7. केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा या अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करनी होगी। अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में, प्रमाण–पत्र में विशेष रूप से एक खंड होना चाहिए कि उम्मीदवार क्रीमी लेयर सेक्शन से संबंधित नहीं है।
9. सभी उम्मीदवारों को आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा और अनुभव को पूरा करना होगा।
10. उम्मीदवार को अपने वर्तमान नियोक्ता से पिछले पांच वर्षों की ACRs (APARs), सत्यनिष्ठा प्रमाण–पत्र और सतर्कता अनापत्ति संलग्न करना होगा।
11. कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल अकादमी की वेबसाइट (http://sahtya-akademi.gov.in) पर ही पोस्ट किया जाएगा।
12. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इस संबंध में किसी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
13. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को अपने खर्चे पर परीक्षा के लिए आना होगा। किसी प्रकार का टीए/डीए देय नहीं होगा।
14. साहित्य अकादेमी किसी पद के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए कोई अन्य मानदंड तय करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
15. चयनित पदधारी को भारत में स्थित साहित्य अकादेमी के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।
16. चयन की प्रक्रिया में अनजाने में हुई किसी गलती के मामले में, जिसका नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद किसी भी स्तर पर पता चलता है, उस स्थिति में अकादेमी उम्मीदवार को किए गए किसी भी सूचना को संशोधित/रद्द/वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
17. उम्मीदवारों को अंतिम समय की व्यस्तता़ से बचने के लिए जल्दी आवेदन करने की सलाह दी जाती है, किसी भी डाक/कोरियर देरी के लिए अकादमी जिम्मेदार नहीं होगी।
18. उम्मीदवारों को केवल अकादेमी की वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in पर दिए गए निर्धारित प्रारूप में सभी शैक्षिक दस्तावेजों, अनुभव और जाति प्रमाण–पत्र आदि की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ आवेदन करना होगा, जिसके बिना आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

****